मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री अमितशाह द्वारा उत्तराखंड के अपने एकदिवसीय दौरे के दौरान 'मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना' की शुरुआत की गई। साथ ही राज्य के समस्त 670 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों का कंप्यूटरीकरण का कार्य भी विधिवत पूर्ण किया गया।

प्रमुख बिंदु

- राज्य के सहकारिता विभाग के अंतर्गत प्रारंभ की गई इस योजना के तहत पशुपालक परिवार की हर महिला को राज्य सरकार की ओर से एक किट दी जाएगी, जिसमें दो कुदाल, दो दरांती, एक पानी की बोतल और एक टिफिन शामिल होगा।
- साथ ही योजना के तहत 7,771 केंद्रों के माध्यम से सुदूर ग्रामीण पर्वतीय क्षेत्रों में पशुओं के लिये पौष्टिक चारे की आपूर्ति की जाएगी। इन क्षेत्रों में पशुपालकों पैकेज्ड साइलेज एवं टोटल मिक्सड राशन प्रदान किया जाएगा।
- इस योजना के क्रियान्वयन से महिलाओं को चारे के कार्य से मुक्ति मिलने के साथ प्रदेश के पशुपालन संबंधी आधारित अर्थशास्त्र में सुधार होगा, क्योंकि राज्य की 70% से अधिक आबादी की आजीविका का प्रमुख स्रोत कृषि एवं पशुपालन है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mukhyamantri-ghasyari-kalyan-yojana